# सदाबहार गीतों से याद किए सुरों के सितारे

## रवींद्र भवन का अंजनी सभागार रविवार शाम को पुराने गीतों से गूंजा




**निज संवाददाता**

**भोपाल, 23 अगस्त. रवींद्र भवन के अंजनी सभागार में रविवार शाम जैसे ही पुराने गीतों की धुनें गूंजनी शुरू हुईं, दर्शक अपने दौर की यादों में लौटते चले गए.संगीत चौपाल की 'यादें' कार्यक्रम में दिवंगत गायकों और गायिकाओं को उनके ही गाए सदाबहार गीतों के जरिए श्रद्धांजलि दी गई.**

आरएनटीयू और एलआईसी के सहयोग से हुए इस आयोजन में श्रोताओं ने हर प्रस्तुति पर तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया.कार्यक्रम की शुरुआत 'यादों की बारात निकली है आज...' समूह गान से हुई. इसके बाद अली राशिद ने केके के गीत 'तू ही मेरी शब, सुबह है' से उन्हें याद किया. तलत हसन ने 'कभी तन्हाइयों में भी हमारी याद आएगी', फरहत खान ने 'ऐ दिल मुझे बता दे' और मलय श्रीवास्तव ने 'रिमझिम गिरे सावन' पेश किया.

डॉ. रोहित श्रीवास्तव, कीर्ति सूद, डॉ. मणि सक्सेना, सैयद मजहर अली, राजेश भट्ट और नुसरत अहमद ने भी अलग-अलग गीत और कव्वाली प्रस्तुत की. संगीत संयोजन केदार सिंह चौहान ने किया. वाद्य कलाकारों ने पुराने गीतों की धुनों को उसी अंदाज में पेश किया.कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों ने मिलकर 'रहें न रहें हम, महका करेंगे' गीत गाकर लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि दी.

# मैनिट में छाऊ नृत्य ने बिखेरा कला का रंग



**निज संवाददाता**

**भोपाल,23 अगस्त. मैनिट के सभागार में रविवार को स्पीक मैके की ओर से दो सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं. कार्यक्रम में विदुषी श्रुति सडोलकर ने भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी, वहीं तारापद रजक के समूह ने छाऊ शैली में 'महिषासुर मर्दिनी' नृत्य नाटिका का मंचन किया.**

दोनों प्रस्तुतियों को विद्यार्थियों ने सराहा. श्रुति सडोलकर ने इंजीनियरिंग विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत और वाद्य यंत्रों के तकनीकी व वैज्ञानिक पहलुओं की जानकारी दी. उन्होंने अलग-अलग वाद्यों से स्वर निकालने की प्रक्रिया समझाई और राग यमन में गायन के जरिए स्वरों की पहचान कराई. उनके साथ हारमोनियम पर दीपक खसरावाल और तबले पर रामेंद्र सिंह सोलंकी ने संगत की.इसके बाद तारापद रजक के समूह ने छाऊ शैली में 'महिषासुर मर्दिनी' की प्रस्तुति दी. नृत्य, संगीत और भाव-भंगिमाओं से सजी इस प्रस्तुति में कलाकारों ने ऊर्जा और लय का प्रभावी प्रदर्शन किया. कार्यक्रम के साथ मैनिट में तीन दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का समापन हुआ. सोमवार को छाऊ नृत्य नाटिका का मंचन मध्यांचल यूनिवर्सिटी, आरजीपीवी और एनआईडी में किया जाएगा.

# लायंस टीम ने लिया पौधारोपण करने का संकल्प



**निज संवाददाता**

**भोपाल, 23 अगस्त. लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 की नई कैबिनेट ने रविवार को होटल आमेर ग्रीन में स्थापना समारोह के दौरान शपथ ली. डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन महेश मालवीय और उनकी टीम ने सेवा गतिविधियों को आगे बढ़ाने की रूपरेखा साझा की.**

समारोह में स्विट्जरलैंड से आए लायंस इंटरनेशनल के वाइस प्रेसिडेंट लायन जीसी रॉबर्ट मुख्य अतिथि रहे. पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर राजू मनवानी ने नई कैबिनेट के पदाधिकारियों और सदस्यों को शपथ दिलाई. इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन कुलभूषण मित्तल और मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन एमजेएफ लायन मनीष शाह समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे.महेश मालवीय ने कहा कि अगस्त और सितंबर में पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा. संस्था के अनुसार डायबिटीज नियंत्रण, नेत्र परीक्षण और दृष्टि संबंधी सेवाएं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों, बुजुर्गों और जरूरतमंदों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं.

समारोह में भोपाल के साथ उज्जैन, इंदौर, जयपुर, उदयपुर, भीलवाड़ा, नर्मदापुरम, रायपुर, हरदा, टिमरनी, इटारसी और विदिशा सहित कई शहरों से 750 से अधिक सदस्य शामिल हुए.

इस दौरान लायन हरिओम जटिया ने मेल्विन जोन फेलोशिप की सदस्यता स्वीकार की.कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष जयपाल सशदेवा, सचिव टीएस बावल, कैबिनेट सेक्रेटरी लांसिला तिवारी, लायन सुमित अग्रवाल, रीजन चेयरपर्सन डॉ. मनोज वर्मा सहित पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मौजूद थे.

# स्वर्ण जयंती पर बीडीसीए ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**खेल प्रतिनिधि**

**भोपाल, 23 अगस्त. भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन ने शनिवार को अपने 50 वर्ष पूरे होने पर शहर के क्रिकेटरों, पूर्व खिलाड़ियों और खेल से जुड़े लोगों का सम्मान किया.**

वार्षिक आम बैठक में अंतरराष्ट्रीय, आईपीएल, महिला प्रीमियर लीग और रणजी ट्रॉफी में खेल चुके खिलाड़ियों को सम्मान दिया गया. पूर्व भारतीय क्रिकेटर जेपी यादव, इंडिया ए के लिए खेल चुके संजय पांडे, जूनियर इंडिया के राहुल बाथम और सौम्य तिवारी को सम्मानित किया गया. आईपीएल खिलाड़ी अनिकेत वर्मा और मोहनीश मिश्रा के साथ डब्ल्यूपीएल खिलाड़ी रहिला फिरदौस को भी मंच पर सम्मान मिला. रणजी ट्रॉफी में भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व कर चुके सोहेल अंसारी, बृजेश तोमर, दिलीप अवस्थी, असद बेग और अन्य खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया. इंटर डिवीजन प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खुशवंत सिंह, पृथ्वीराज विश्वकर्मा, नैतिक जैन, ओजस्व यादव, तन्मय पांडे, शमिका कौशल और खुशी यादव को क्रिकेट बैट दिए गए. विदिशा को बीते वर्ष के बेहतर कामकाज के लिए पहला और राजगढ़ को दूसरा पुरस्कार मिला. बैठक में अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह, चेयरमैन सैयद साजिद अली और सचिव शांति कुमार जैन सहित भोपाल, राजगढ़, विदिशा, सीहोर व रायसेन के पदाधिकारी मौजूद रहे. रजत मोहन वर्मा, अरुण भोगलीवाल, राशिद खान और दिवंगत साजिद नूर के परिवार को लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान दिया गया.

# भोपाल की कृति को पैदलचाल में रजत

## जबलपुर में हुई 62वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट

**खेल प्रतिनिधि**

**भोपाल, 23 अगस्त. भोपाल की एथलीट कृति ने जबलपुर में हुई 62वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट में अंडर-18 बालिका 3000 मीटर पैदलचाल में रजत पदक जीता.**

रानीताल स्टेडियम में शनिवार को हुए मुकाबले में कृति ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए भोपाल के लिए पदक हासिल किया. राजधानी को अंडर-23 महिला भाला फेंक में भी स्वर्ण मिला. भोपाल की कौशिका ने बेहतर थ्रो के साथ पहला स्थान अपने नाम किया. इस तरह दूसरे दिन भोपाल के खिलाड़ियों ने ट्रैक और फील्ड दोनों स्पर्धाओं में पदक जीते. 3000 मीटर पैदलचाल में जबलपुर की रचना यादव पहले स्थान पर रहीं, जबकि कृति दूसरे स्थान पर रहीं. जबलपुर की रश्मिका को कांस्य पदक मिला. सागर की अंजलि चौथे स्थान पर रहीं. प्रतियोगिता में प्रदेश के 52 जिलों से 1800 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं. मुकाबले अंडर-14, 16, 18, 20 और अंडर-23 वर्गों में कराए जा रहे हैं. 100, 200 और 400 मीटर दौड़ के फाइनल के साथ कई फील्ड इवेंट भी हुए.

# थाने में कथित दुर्व्यवहार पर कार्रवाई की मांग



**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 23 अगस्त. जहांगीराबाद थाने में हाल ही में हुई एक घटना को लेकर कानून-व्यवस्था, पुलिस प्रशासन की गरिमा और लोकतांत्रिक आचरण पर सवाल उठाए गए हैं.**

कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. विक्रम चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आरोप लगाया कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले एक व्यक्ति ने हिंदुत्व की पहचान का दावा करते हुए पुलिस अधिकारी के साथ कथित तौर पर अनुचित व्यवहार किया और थाने की कार्यवाही में हस्तक्षेप करने का प्रयास किया.

डॉ. चौधरी ने कहा कि पुलिस थाने सुरक्षा, न्याय और जनविश्वास के केंद्र होने चाहिए.उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का दबाव या अव्यवस्था ईमानदार पुलिस अधिकारियों के मनोबल और जनता के विश्वास को प्रभावित कर सकती है.

इस मामले में चिंतित नागरिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की. प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि कानून से ऊपर कोई व्यक्ति, संगठन या विचारधारा नहीं हो सकती तथा ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन को प्रभावी कदम उठाने चाहिए.

# पुलिस लाइन में महिला सूबेदार के आवास से चोरी

**भोपाल.** पुलिस लाइन में एक महिला सूबेदार के आवास से महिला ने चोरी की वारदात हो गई. कमला नगर पुलिस ने आरोपी महिला गिरफ्तार कर लिया है. सूबेदार स्नेहा का पुलिस लाइन में रहती हैं. शनिवार देर रात महिला आरोपी ने परिसर के अंदर की दीवार फांदकर सीसीटीवी कैमरा और डीवीआर चोरी कर लिया. चोरी गए सामान की कीमत 30 हजार रुपए थी. मामले की शिकायत के बाद पुलिस टीम ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है. उसके कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर लिया गया है.

# उज्जैन और नागपुर से सुरक्षित बरामद हुईं 2 नाबालिग लड़कियां

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 23 अगस्त. निशातपुरा और छोला मंदिर पुलिस ने घर से गायब दो नाबालिग लड़कियों को पुलिस ने तलाश लिया है. लड़कियों को उनके परिजनों को सौंप दिया है.**

पुलिस के मुताबिक शनिवार दोपहर को निशातपुरा थाने में एक 14 साल नाबालिग लड़की के परिजन ने थाने पहुंचकर गुमशुदगी की सूचना दी. पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की मदद से लड़की को तलाशा. लड़की की लोकेशन उज्जैन में पुलिस को मिली. मौके पर पहुंचकर लड़की की खोज निकाला गया. इसी तरह छोला



इलाके से 15 साल की लड़की 20 अगस्त को अपने घर से गायब हो गई. पुलिस को लड़की की लोकेशन नागपुर में मिली. पुलिस ने नागपुर पहुंचकर उसे खोज निकाला.

# युवाओं को मिलेगी व्यसन व मानसिक बीमारियों से राहत



**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 23 अगस्त. स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार नशे की लत केवल एक बुरी आदत नहीं बल्कि एक गंभीर मानसिक और शारीरिक बीमारी है.**

यह जानकारी एम्स के मनोचिकित्सा विभाग ने ब्रह्माकुमारी नीलबड़ के सहयोग से एक बड़े जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विषेषज्ञों ने कही. यह जागरुकता पहला सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशों पर नशा मुक्त भारत अभियान और मिशन स्पंदन के तहत की गई.अभियान के माध्यम से लोगों को व्यसन और नशा जैसी जानलेवा बीमारियों के लक्षण पहचानने और उपचार लेने के प्रति जागरूक किया गया.

# विधायक खत्री ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन



**नवभारत न्यूज**

**बैरसिया, 23 अगस्त. कृषि उपज मंडी प्रांगण में रविवार को विधायक विष्णु खत्री ने कई निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया. इनमें मंडी कार्यालय भवन का विस्तार, सीसी सड़क निर्माण, अतिरिक्त सड़क का डामरीकरण, नाला व पुलिया निर्माण सहित अन्य कार्य शामिल हैं.**

कृषि उपज मंडी बैरसिया आदर्श मंडी के साथ ए ग्रेड की मंडी घोषित हो चुकी है. इस कारण इस मंडी में करोड़ों रुपए के विकास कार्य होना है. इस अवसर पर विधायक खत्री ने कहा कि मंडी में होने निर्माण कार्यों की निगरानी मंडी सचिव के साथ-साथ गल्ला व्यापारी भी रखें, जिससे गुणवत्तापूर्ण निर्माण हो सके. इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुवेर सिंह गुर्जर, मंडी सचिव सुनील कुमार भालेकर , गल्ला व्यापारी संघ के अध्यक्ष जानकी दास वैरागी, गल्ला व्यापारी गोकुल प्रसाद माहेश्वरी, भगवान दास व्याणी, महेंद्र साहू , सोनू साहू , दसरथ शर्मा, दीपक साहू , जगदीश साहू, राजकुमार साहू , यतीस शर्मा , प्रदीप शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे.

# 54 लीटर शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल.** शाहजहांनाबाद पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से 54 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है. पुलिस के मुताबिक आरोपी योगेश यादव (38) निवासी निशातपुरा को उसकी गाड़ी की डिग्गी में रखी 37 हजार की अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया. आरोपी योगेश से जब्त की गई शराब के संबंध में पुलिस की पूछताछ की जारी है. योगेश के खिलाफ पहले के भी अपराधिक रिकार्ड की जानकारी पुलिस जुटा रही है.


## नाम परिवर्तन

मैं ZAHEER AHMED KHAN S/O NAFEES AHMAD आयु व्यस्क निवासीः वार्ड 11 तकिया मोहल्ला भारत मेडिकल स्टोर नई सड़क गुना मेरे दस्तावेजों में पहले मेरा नाम ZAHEER AHMAD दर्ज था जो की बदल कर मेरा नाम ZAHEER AHMED KHAN हो गया है अब मेरे दस्तावेज में मेरा नाम यही है अब इसी नाम से जाना व पेहचाना जायेगा।


# हमले का आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल.** शाहजहांनाबाद पुलिस ने एक महिला पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी शहर छोड़कर भागने की फिराक में था.

**चिकित्सा** | बच्चे की मांसपेशियों ने काम करना कर दिया था बंद

# दो साल के मासूम को लगा लकवा, जीएमसी में मिला जीवनदान



**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 23 अगस्त. ढाई साल की मासूम बच्ची के पैर में अचानक कमजोरी हुई और देखते ही देखते पूरे हाथों और पैरों में फैल गई. जिसमें बच्ची का शरीर सुन्न पड़ कर मांसपेशियों ने काम करना ही बंद कर दिया.**

ऐसे में बच्ची को इलाज के लिए जब हमीदिया अस्पताल लाया गया तो डॉक्टरों ने गंभीर और दुर्लभ बीमारी से पीड़ित मासूम का इलाज कर उसे नई जिंदगी दी. डॉक्टरों ने बताया कि जब बच्ची को अस्पताल लाया गया तो उसके चारों हाथ पैर पूरी तरह से सुन्न हो चुके थे और उसकी सांस लेने की मांसपेशियां भी काम करना बंद कर चुकी थीं. जिसके बाद धीरे-धीरे बच्चे की आवाज बंद हो गई और उसकी सांस फूलने लगी. जांच में पाया कि उसे गुइलेन बरे सिंड्रोम नाम की एक गंभीर तंत्रिका संबंधी बीमारी है. डॉक्टरों के अनुसार यह लकवे जैसी स्थिति होती है. जिसमें इस शरीर का अपना ही प्रतिरक्षा तंत्र नसों पर हमला कर देता है, जिससे मांसपेशियां पूरी तरह काम करना बंद कर देती हैं. जब इसका असर सांस लेने वाली मांसपेशियों पर पड़ता है तो मरीज की सांस थमने लगती है.पीडियाट्रिक आईसीयू में सबसे पहले बच्चे को वेंटिलेटर पर रखकर बच्ची की सांसों को नियंत्रित किया गया. लंबे समय तक वेंटिलेटर पर रहने के कारण संक्रमण का खतरा बहुत ज्यादा रहता है, जिसे रोकने के लिए बच्चे को सटीक एंटीमाइक्रोबियल और विशेष सपोर्टिव थेरेपी दी गई.धीरे-धीरे जब बच्चे की मांसपेशियों में सुधार आने लगा और उंगलियों में हलचल शुरू हुई तो वेंटिलेटर सपोर्ट को सावधानीपूर्वक धीरे-धीरे कम किया गया. गहन देखभाल और सही दवाओं के असर से बच्चे की सांस लेने की क्षमता वापस लौट आई.


## कब्जे की सूचना - (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL द्वारा यहां उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज सहित प्रभारित किया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" की बकाया राशि, सभी लागतों, शुल्कों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां "IIFL HFL" द्वारा बेची या हस्तांतरित नहीं की जाएंगी और सुरक्षित संपत्तियों के हस्तांतरण या बिक्री के लिए "IIFL HFL" द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

| उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री अमर सिंह श्रीमती पवन बाई अमर सिंह एग्रीकल्चर (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10651449) | नेहगावा, गुना, मध्य प्रदेश 473001 में स्थित खसरा नंबर 166 वाली पूरी प्रॉपर्टीः प्रॉपर्टी का प्रकारः प्रॉपर्टी का एरिया (वर्ग फुट में): 27000 | रू. 4,06,064/- चार लाख छह हजार चौंसठ मात्र | 08-05-2026 | 19-08-2026 |

अधिक जानकारी के लिए कृपया अधिकृत अधिकारी से संपर्क करें: ब्रांच ऑफिस - 249, द इन्फिनिटी, पहली मंज़िल, म.प्र. नगर जोन II, तुलसी होटल के पास, भोपाल-462011 / या कॉपो. ऑफिस-प्लॉट नं.98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा।

स्थानः भोपाल
दिनांकः 24.08.2026

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।



## पश्चिम मध्य रेल

**म.रे.प्र./कार्य/भोपाल ■ खुली ई-निविदा सूचना ■ दि. 21.08.2026**

**वरिष्ठ मण्डल अभियंता/सम./पश्चिम मध्य रेल, भोपाल,** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15.30 बजे तक ई-टेन्डर आमंत्रित करते है। संपुर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिए कोई मॅन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरुरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारों से निवेदन है, कि वह जीएसटी कानुन 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाएं प्रस्तुत करें।

**NIT No.:** WCR-BPL-W-26-27-S-14-78, Date 10.08.2026. **Name of work including Location: भाग (A) खिरकिया - UP प्लेटफॉर्म को खण्डवा सिरे की ओर बढ़ाना, सर्कुलेटिंग एरिया का विस्तार और विकास, प्लेटफॉर्म पर 3-bay COP की व्यवस्था और यात्रियों के लिए सुविधाओं का विस्तार। भाग (B) रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, न्यू यार्ड, इटारसी में स्टेज, रास्ते के शेड और स्टोर रुम की मरम्मत का काम। भाग (C) एडीएन/एम/हरदा सेक्शन के तहत BIR, TLV, CKKD, BRUD, CAER, KKN, DGRI, BRI और हरदा यार्ड में यार्ड ड्रेन (साइड और सेंट्रल ड्रेन) में सुधार और अपग्रेडेशन। भाग (D) एडीएन/एम/इटारसी सेक्शन के तहत TBN, PGL, BPF, DKI, DRA, ET (पैसेंजर यार्ड), ET (गुड्स यार्ड), JHP और PRKD यार्ड में यार्ड ड्रेन (साइड और सेंट्रल ड्रेन) में सुधार और अपग्रेडेशन। भाग (E) भोपाल डिवीजन - भोपाल - इटारसी सेक्शन में PRKD (2) स्टेशनों पर मौजूदा प्लेटफॉर्म को ऊँचा करना। भाग (F) इटारसी - इटारसी स्टेशन के प्लेटफॉर्म की सतहों में सुधार और PF 1 वेटिंग हॉल और टॉयलेट का नवीनीकरण। भाग (G) इटारसी: पार्सल ऑफिस में यात्रियों के लिए अन्य सुविधाओं की व्यवस्था और सुधार। Published cost of tender:** ₹ 28,82,92,266.64. **Earnest Money:** ₹ 57,65,900/-. **Completion Period:** 18 माह। **Last date for submitting tender:** 02.09.2026. **NIT No.:** WCR-BPL-W-26-27-W-11-79, Date 12.08.2026. **Name of work including Location: भाग A)- गुना-ग्वालियर सेक्शन - पुलों की हालत सुधारने और उनकी मरम्मत का काम, जिसमें RCC स्लैब, पियर/अबटमेंट/टो वॉल/विंग वॉल/रिटर्न वॉल, इंस्पेक्शन स्टेप्स, फ्लोरिंग और बैंक पिचिंग की मरम्मत शामिल है (कुल 18 पुल) पुल नंबर 1098/2, 1101/1, 1116/1, 1118/1, 1143/1, 1152/1, 1157/1, 1163/1, 1170/2, 1173/2, 1177/2, 1187/1, 1187/2, 1189/1, 1189/2, 1194/1, 1281/1, 1304/1. भाग B)- एडीएन/एम/शिवपुरी सेक्शन के तहत गुना-ग्वालियर सेक्शन में अप्रोच रोड में सुधार, संप वेल और पंप रुम शेड की व्यवस्था, क्रॉस ड्रेन की व्यवस्था और अलग-अलग LHS पर फिक्स्ड बैरिकेडिंग लगाना। Published cost of tender:** ₹ 6,15,63,338.25. **Earnest Money:** ₹ 12,31,300/-. **Completion Period:** 15 माह। **Last date for submitting tender:** 03.09.2026. **NIT No.:** WCR-BPL-W-26-27-W-12-80, Date 12.08.2026. **Name of work including Location: भाग A) भोपाल डिवीजनः- रुठियाई-मक्सीः- एडीएन/शाजापुर के अंतर्गत रुठियाई-मक्सी सेक्शन में 28 छोटे पुलों (ब्रिज नंबर 1128/1, 1147/2, 1151/3, 1156/1, 1156/2, 1161/1, 1162/1, 1164/2, 1166/1, 1170/2, 1191/1, 1196/1, 1199/1, 1211/1, 1212/1, 1214/1, 1228/1, 1241/1, 1246/1, 1259/1, 1268/1, 1271/1, 1274/1, 1283/2, 1284/1, 1286/1, 1289/2, 1294/2) की हालत सुधारने के लिए स्लैब के खुले हुए रिइन्फोर्समेंट, पैरापेट वॉल, विंग और रिटर्न वॉल, इंस्पेक्शन स्टेप्स, फ्लोरिंग और अन्य विविध कार्यों की मरम्मत। भाग B) एडीएन/शाजापुर के अंतर्गत रुठियाई-मक्सी सेक्शन में 12 बडे पुलों (ब्रिज नंबर 1116/3, 1123/1, 1129/2, 1135/1, 1174/1, 1234/1, 1254/1, 1262/1, 1265/1, 1278/1, 1281/2, 1296/2) की हालत सुधारने के लिए स्लैब के खुले हुए रिइन्फोर्समेंट, पैरापेट वॉल, विंग और रिटर्न वॉल, इंस्पेक्शन स्टेप्स, फ्लोरिंग और अन्य विविध कार्यों की मरम्मत। Published cost of tender:** ₹ 4,33,00,511.17. **Earnest Money:** ₹ 8,66,000/-. **Completion Period:** 12 माह। **Last date for submitting tender:** 03.09.2026. **NIT No.:** WCR-BPL-W-26-27-S-15-81, Date 13.08.2026. **Name of work including Location: भोपाल डिवीजनः इटारसी-खण्डवा सेक्शन में 5 NSG 6 स्टेशनों (PAL, CRK, PGL, DKI और DRA) पर FOB की व्यवस्था। Published cost of tender:** ₹ 9,16,84,454.70. **Earnest Money:** ₹ 18,33,700/-. **Completion Period:** 12 माह। **Last date for submitting tender:** 08.09.2026. **NIT No.:** WCR-BPL-W-26-27-N-25-82, Date 18.08.2026. **Name of work including Location: अशोकनगर - गुड्स शेड रेक की शंटिंग गतिविधि को आसान बनाने के लिए लूप लाइन को कॉमन बनाने हेतु क्रॉसओवर की व्यवस्था। Published cost of tender:** ₹ 26,93,953.96. **Earnest Money:** ₹ 53,900/-. **Completion Period:** 06 माह। **Last date for submitting tender:** 09.09.2026. **NIT No.:** WCR-BPL-W-26-27-N-26-83, Date 18.08.2026. **Name of work including Location: बीना-रुठियाईः DEN/N/NPL के अधिकार क्षेत्र में गर्डर पुलों और उनके अप्रोच पर TFR के तहत एच-बीम स्लीपरों (300 नग) का उपयोग करके स्लीपर बदलने का काम। Published cost of tender:** ₹ 1,35,72,008.70. **Earnest Money:** ₹ 2,71,500/-. **Completion Period:** 12 माह। **Last date for submitting tender:** 09.09.2026. **NIT No.:** WCR-BPL-W-26-27-N-27-84, Date 18.08.2026. **Name of work including Location: DEN/N/BPL के अधिकार क्षेत्र में भोपाल-बीना और बीना-रुठियाई सेक्शन के गर्डर पुलों पर एच-बीम स्लीपरों (1220 नग) का उपयोग करके स्लीपर बदलने का कार्य। Published cost of tender:** ₹ 5,33,46,314.12. **Earnest Money:** ₹ 10,66,900/-. **Completion Period:** 12 माह। **Last date for submitting tender:** 09.09.2026. **NIT No.:** WCR-BPL-W-26-27-C-14-85, Date 20.08.2026. **Name of work including Location: एडीईएन/विदिशा के अधिकार क्षेत्र में आने वाले पबाई और गुलाबगंज स्टेशनों पर ट्रैक मशीन साइडिंग में सुधार। Published cost of tender:** ₹ 71,33,511.41. **Earnest Money:** ₹ 1,42,700/-. **Completion Period:** 08 माह। **Last date for submitting tender:** 11.09.2026. **NIT No.:** WCR-BPL-W-26-27-C-15-86, Date 20.08.2026. **Name of work including Location: एडीईएन/विदिशा सेक्शन के तहत गंजबासौदा और विदिशा स्टेशन पर 2,50,000 लीटर क्षमता वाले RCC ओवरहेड टैंक की व्यवस्था। Published cost of tender:** ₹ 1,47,45,769.42. **Earnest Money:** ₹ 2,94,900/-. **Completion Period:** 12 माह। **Last date for submitting tender:** 11.09.2026. **NIT No.:** WCR-BPL-W-26-27-N-28-87, Date 20.08.2026. **Name of work including Location: भाग-A) बीना रेलवे कॉलोनी में 04 RB-III और 10 RB-II स्टाफ क्वार्टर का निर्माण और बिजली का काम। भाग-B) गुना - एसएसई (वर्क्स), एसएसई (पी.वे) ऑफिस, वर्कशॉप और स्टोर की व्यवस्था और बिजली का काम। भाग-C): बीना - फर्नीचर और बिजली के काम के साथ एक नई RPF पोस्ट का निर्माण। Published cost of tender:** ₹ 7,20,31,577.93. **Earnest Money:** ₹ 14,40,600/-. **Completion Period:** 18 माह। **Last date for submitting tender:** 11.09.2026.

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर